दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-
UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 188 मुरादाबाद, 27 October 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

## संक्षिप्त समाचार



### सनातन जागृति सम्मेलन में देवकीनंदन ठाकुर, बोले- कृष्ण को मुक्त कराना है, मंदिर में बैठाना है

हनुमान सेना के सनातन जागृति सम्मेलन में आए देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि जामा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे भगवान श्रीकृष्ण के विग्रह दबे हैं। जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आता है, तब तक मस्जिद की सीढ़ियों से आने जाने पर रोक लगाई जाए। केशव देवजी (भगवान कृष्ण) की जो मूर्तियां जामा मस्जिद की सीढ़ियों के नीचे दफन हैं उन्हें निकाला जाए और ससम्मान उन्हें उनके स्थान श्रीकृष्ण जन्म भूमि में स्थापित किया जाए। इसके लिए हम संवैधानिक लड़ाई लड़ रहे हैं। यह कहना था देवकी नंदन ठाकुर का। जो बुधवार को हनुमान सेना के सेक्टर 11 स्थित बड़े मैदान पर आयोजित सनातन जागृति सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। सम्मेलन से पूर्व देवकी नंदन ठाकुरजी सहित अन्य वक्ताओं ने मनकामेश्वर नाथ मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया। जामा मस्जिद मामले में याचिका दायर करने वाले महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ये लड़ाई इतिहास के साक्ष्यों से लड़ी जा रही है। इस दौरान श्रीश्री 108 कृष्णदास महाराज, हेलिकॉप्टर बाबा के नाम से प्रसिद्ध संदीप महाकाल, चैतन्य अरुण पुरी महाराज ने भी विचार व्यक्त किए। ज्ञानेंद्र सिंह फौजदार, वीरेंद्र अग्रवाल,जितेंद्र कुशवाह, लोकपाल चाहर, अविनाश राणा, अमित चौधरी, जयदीप गोला, आकाश ग्रोवर आदि मौजूद रहे।

## बड़ौत में CM योगी बोले- विकास में जाति-धर्म नहीं आएगा आड़े, जनता वैदिक कॉलेज बनेगा विश्वविद्यालय




सीएम योगी आदित्यनाथ आज बागपत जिले की 351 करोड़ रुपये की 311 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड धारकों को कार्ड वितरण और छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन और टेबलेट वितरित किए जाएंगे। बागपत जनपद में सीएम योगी आदित्यनाथ आज बड़ा तोहफा देनें पहुंचे हैं। बड़ौत के जनता वैदिक डिग्री कालेज के मैदान से मुख्यमंत्री ने 351 करोड़ रुपये की 311 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। सीएम योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर से मौजिजाबाद नांगल के श्री शिव गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। सीएम योगी वहां श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया। श्री शिव गोरखनाथ आश्रम मौजिजाबाद नांगल गांव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों का लोकार्पण किया। 256 किलो के घंटे का लोकार्पण किया और रुद्राक्ष पौधे का रोपण किया। सीएम ने यहां लच्छी नाथ, बाबा छोटे नाथ की समाधि के दर्शन कर मंदिर में पूजा-अर्चना की। सीएम योगी यहां करीब पचास मिनट तक रहे और दोपहर बाद हेलीकॉप्टर से ही बड़ौत के जनता वैदिक डिग्री कालेज के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचकर जनसभा को संबोधित किया। बेटियों के जीवन से खिलवाड़ की चुकानी होगी कीमत, किसानों के साथ डबल इंजन की सरकार सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो किसी बहन-बेटी के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा, उसे उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। यदि कोई किसानों का उत्पीड़न करेगा तो कीमत चुकानी होगी। अपने संबोधन में उन्होंने चौधरी चरणसिंह का भी जिक्र किया। सीएम योगी ने कहा कि मैंने देखा यहां क्या शानदार गन्ना है। लेकिन जब हम आए थे तब किसानों का गन्ना भुगतान नहीं हुआ था। दबाव बनाया और गन्ना भुगतान कराया। कोरोना में भी हमने चीनी मिलें बंद नहीं की चलती रही। हम किसानों के साथ है। हम चाहते हैं कि जब दुनिया में किसी को खेती किसानी सीखनी हो तो वह बागपत आए। बागपत के किसानों का चमत्कार दुनिया देखे, हम इसके लिए प्रयासरत हैं। जनता वैदिक कॉलेज को बनाया जाएगा विश्वविद्यालय, आप प्रस्ताव दें सीएम ने कहा कि पहले क्या कोई सोचता था कोई कि यहां हाईवे बनेगा। ग्रीन फील्ड कॉरिडोर बन रहा है। यह विकास का उदाहरण है। बागपत का नौजवान ऊर्जावान है। पूर्वजों ने कॉलेज बनाया, यहां के छात्र विकास कर रहे हैं। यदि आप जमीन के मानक दें दे तो आप प्रस्ताव करें, सरकार को सौंप दें तो जनता वैदिक कॉलेज को विश्वविद्यालय बना देंगे। सीएम योगी ने कहा कि कि जिन कार्यों के लिए दिल्ली के विश्वविद्यालयों में जाना होता है, उनके सभी को हम जनता वैदिक कॉलेज में ही क्यों न करें। सभी सुविधाएं आपको यहीं पर मिलें इसके लिए प्रयास करें। हम पुरा महादेव के लिए भी हम बहुत बड़ी योजना पर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का मंच पर हुआ भव्य स्वागत जनता वैदिक कॉलेज में आयोजित जनसभा में पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, बागपत सांसद डॉ सत्यपाल सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, जसवंत सैनी समेत अन्य नेताओं द्वारा बुके, प्रतीक चिन्ह, बड़ी माला के साथ स्वागत व सम्मान किया। जिस समय मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे, पूरा पांडाल योगी-योगी के नारों से गूंज उठा।डॉ. सत्यपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह महाभारतकालीन धरती है जिसे हम सभी नमन करते हैं। भगवान परशुराम कहते थे कि उनके हाथों में वेद है तो पीछे धनुष और बाण भी है, उसी तरह है हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। उनके कुशल शासन में शिक्षा भी है सुरक्षा भी है, नारी सम्मान भी है, लोगों का विश्वास भी है। योगी जी के एक हाथ में प्रदेश को सुशासन देने की शक्ति है तो दूसरे हाथ में माफियाओं अतीक और अंसारी को मिट्टी में मिला देने की ताकत भी है। वहीं जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाना है इनमें बागपत में चमरावल रोड पर बस अड्डे, अहैड़ा में आरओबी, पुलिस लाइन में बैरक, थानों में बैरक, विवेचना कक्ष समेत अन्य परियोजनाओं के शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा बावली में केंद्रीय विद्यालय, पाबला के कन्या डिग्री कालेज, डौला सीएचसी, आयुर्वेदिक अस्पताल समेत अन्य का लोकार्पण भी सीएम करेंगे। सीएम ने कहा, खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं वहीं सीएम ने बागपत दौरे को लेकर एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि आज मैं स्वयं को धन्य महसूस कर रहा हूं। मन अत्यंत भावुक और कृतज्ञ है। भगवान श्री रामलला सरकार के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उपस्थित होना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। यह मेरे प्रभु श्री राम की कृपा ही है कि मुझे इस ऐतिहासिक, अभूतपूर्व अवसर का साक्षी बनने का सौभाग्य मिल रहा है। मौजिजाबाद नांगल व बड़ौत में चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को देखते हुए मौजिजाबाद नांगल व बड़ौत में चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि दोनों जगह करीब पांच सौ से ज्यादा पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। यहां अन्य जिलों से भी पुलिस फोर्स आया है। सभी को ड्यूटी मुस्तैदी से करने के लिए कहा गया है। जनसभा से किसी तरह का रूट डायवर्जन नहीं होगा। वहीं सीएम योगी के कार्यक्रम के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ जमा होने लगी।बड़ौत के जनता वैदिक डिग्री कालेज में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन और टैबलेट का वितरण करेंगे। छात्र-छात्राओं को मंच तक लाने और लेकर जाने के लिए विभाग से अधिकारी नामित कर दिए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि 26 अक्तूबर को बड़ौत में होने वाले कार्यक्रम में श्वेता शर्मा, पारुल शर्मा, मोनिका, शैली तोमर, कनक तोमर, कनिका पंवार को टैबलेट और कोमल गुप्ता, शिल्पी, समीक्षा जैन, ऋचा और रिया को स्मार्ट फोन वितरित करेंगे। छात्र-छात्राओं को मंच तक लाने और लेकर जाने की जिम्मेदारी जिला समन्वयक नितिन कुमार और कंप्यूटर ऑपरेटर जसविंद्र सिंह को सौंपी गई है। इसके अलावा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित कराए जाएंगे। सीएमओ डॉ. महावीर सिंह ने बताया कि आज मुख्यमंत्री जिले के पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करेंगे। लाभार्थियों को विभाग की ओर से पास जारी किए गए हैं।

## मोहन भागवत बोले- दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा भारत, रखें श्रद्धा-दान और त्याग की भावना



सहारनपुर जनपद के सरसावा में आज सर संघ संचालक पहुंचे हैं। वह यहां श्रीकृष्ण मंदिर का भूमि पूजन कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं सहारनपुर जनपद के सरसावा के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। श्री कृष्ण मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में आज यहां देश भर से साधु-संत जुट रहे हैं, जिसमें सर संघचालक मोहन भागवत बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे हैं। कार्यक्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट है। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। सर संघचालक मोहन भागवत कार्यक्रम में करीब दो घंटे रुकने के बाद सहारनपुर के पंत विहार स्थित श्री कृष्ण ज्ञान मंदिर के रजत जयंती महोत्सव में भी शिरकत करने पहुंचे। दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा भारत -भागवत आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। भले ही पंथ ओर सम्प्रदाय अलग अलग हों, लेकिन काम सभी एक ही कर रहे हैं। धर्म सभी को जोड़कर रखता है। कहा कि धर्म साश्वत है, अगर यह खत्म हुआ तो श्रृष्टि भी खत्म हो जाएगी। इसलिए कुशलतापूर्वक कार्य करें। कभी भी अपने अंदर अंहकार मत लाओ। पवित्रता जरूरी है। भागवत गीता में भारत के जीवन का निचोड़ है। व्यक्ति को श्रद्धा, दान और त्याग की भावना रखनी होगी। जो भी करो वह उत्तम होना चाहिए।कहा कि जीवन मे आने वाली परिस्थितियों से भागना नहीं है, इनका मुकाबला करो। यदि भाग गए तो जिंदा होते हुए भी मौत के समान है। प्रकृति के साथ चले, यह धर्म की आवश्यकता है। दुनिया मे ऐसे भी लोग हैं जो दुष्ट हैं, उनसे घबराना नहीं है। हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है। सभी को साथ लेकर चले। देवबंद में भी बना देंगे श्री कृष्ण मंदिर- वहीं आचार्य कारंजेकर बाबा ने कहा कि हमने देवबंद में श्री कृष्ण मंदिर का निर्माण करने के लिए लोक निर्माण विभाग के मंत्री से जमीन मांगी है। उन्होंने वहां पर जमीन दिलाने का आश्वासन दिया है अगर जमीन मिलती है तो हम देवबंद में भी श्री कृष्ण मंदिर बना देंगे। इस महोत्सव के बाद सरसंघचालक दिल्ली के लिए रवाना होंगे। सुरक्षा के मद्देनजर इसमें पांच सीओ, 16 इंस्पेक्टर, 50 कांस्टेबल, 80 होमगार्ड, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस को भी तैनात किया गया है।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में पहुंचे शाह, कहा- अनौपचारिक बीज व्यवस्था को वैज्ञानिक प्रणाली में बदलने का समय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के अलावा बहुत ही कम ऐसे देश हैं जहां बाजरे का उत्पादन होता है। आज पूरी दुनिया अच्छी गुणवत्ता वाले बाजरे की बीज की मांग कर रही है।भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) द्वारा आयोजित सहकारी क्षेत्र में उन्नत बीजोत्पादन पर



और पारंपरिक राष्ट्रीय संगोष्ठी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। उन्होंने इस संगोष्ठी में कहा कि पीएम मोदी की पहल से बाजरा के लिए एक बाजार विकसित हो गया है। वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, भारत के अलावा बहुक ही कम ऐसे देश हैं जहां बाजरे का उत्पादन होता है। आज पूरी दुनिया अच्छी गुणवत्ता वाले बाजरे की बीज की मांग कर रही है। अगर उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाली बाजरे और ज्वार के बीज की जरूरत है तो भारत के अलावा उन्हें कोई भी यह उपलब्ध नहीं करा सकता है। अमेरिका मक्का दे सकता है। उन्होंने आगे कहा, %रागी, बाजरा ज्वार जैसे अन्य कई मोटे आनाजों पर भारत का एकाधिकार हो सकता है। हम बाजरे के मूल्यवर्धित उत्पादों पर भी काम करने जा रहे हैं। हम अनौपचारिक बीजारोपण प्रणाली को वैज्ञानिक और औपचारिक बीजारोपण प्रणाली में बदल रहे हैं।% गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि हजारों सालों से हम अनौपचारिक बीजारोपण प्रणाली का इस्तेमाल करते आ रहे हैं, लेकिन अब इसे वैज्ञानिक प्रणाली में बदलने का समय आ गया है।

## कंगना ने रामलला के किए दर्शन : बोलीं- वैटिकन की धार्मिक केंद्र बनेगी रामनगरी, जय श्रीराम के लगवाए नारे

अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि अयोध्या सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र बनेगी। यह दुनिया का सबसे सुंदर तीर्थ स्थान बनने जा रहा है। फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत बृहस्पतिवार को अयोध्या पहुंची और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान उन्होंने जय श्रीराम के नारे भी लगवाए। रामलला का दर्शन करने के बाद फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने कहा कि अयोध्या वेटिकन सिटी की तर्ज पर सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र बनने जा रही है।



यह सनातन संस्कृति का भी सबसे बड़ा केंद्र होगा।600 सालों तक चले संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। करोड़ों लोगों की भावनाएं राम मंदिर से जुड़ी हुई हैं यह दुनिया का सबसे सुंदर तीर्थ स्थान बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के लिए लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया है। कंगना ने बताया कि उनकी फिल्म तेजस जो कि वायु सेना पर आधारित है में भी राम मंदिर की अहम भूमिका रहेगी।

## यूपी में पोस्टर वार: 2024 में राहुल पीएम और अजय राय होंगे सीएम, अखिलेश को पीएम बनाने वाले पोस्टर पर करारा जवाब

यूपी में सपा-कांग्रेस के बीच पोस्टर वार चल पड़ा है। सपा कार्यालय के बाहर अखिलेश यादव को भावी पीएम बताने के पोस्टर के बाद कांग्रेस कार्यालय के बाहर 2024 में राहुल गांधी को पीएम और अजय राय को सीएम बनाने के पोस्टर लगाए गए हैं।मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा व कांग्रेस के बीच तल्ख टिप्पणियों के बाद अब पोस्टर वार शुरू हो गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को देश का भावी पीएम बताने के पोस्टर पार्टी कार्यालय के बाहर लगाने के बाद अब कांग्रेस कार्यालय के बाहर राहुल गांधी को 2024 में पीएम




बनाने और 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को मुख्यमंत्री बनाने के पोस्टर लगाए गए हैं।कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर में किसानों को एमएसपी देने, बुजुर्गों को पेंशन देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, नौकरियां देने और जातिगत जनगणना कराने जैसे वादे किए गए हैं। पोस्टर में जनता से कांग्रेस के साथ आने की भी अपील की गई है। पोस्टर को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा हो रही है तो लोग सोशल मीडिया पर मजे भी ले रहे हैं। सपा कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में शामिल है। हालांकि, इस तरह के पोस्टर लगाए जाने के बाद लोग गठबंधन के भविष्य को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। बीते दिनों कांग्रेस-सपा में तल्खी बढ़ने को लेकर अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि कांग्रेस को पहले स्पष्ट करना चाहिए था कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए बन रहा है। हालांकि, बकौल अखिलेश शीर्ष नेतृत्व से बातचीत होने के बाद अखिलेश ने भी सपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस नेताओं पर टिप्पणी न करने की अपील की थी। बहरहाल, इस पोस्टरवार से सियासी चर्चाएं होने लगी हैं।

### अखिलेश यादव को भावी पीएम बताने पर राजभर ने ली थी चुटकी

सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा था कि हर नेता का सपना होता है कि वह सीएम बने तो एक दिन पीएम भी बने। सपना देखना बुरी बात नहीं है लेकिन उसके लिए काम करना होता है। जो इन्होंने नहीं किया। ये लोग हंसी के पात्र बनते जा रहे हैं।

## संपादकीय Editorial

### Now there is no Ram or Gandhi

There is fighting all around. The destruction is being carried out using bombs, missiles and other types of ammunition. Many massacres are also being committed every day and every moment. A part of the world has become ruins and debris. These are not wars of good against evil or the victory of truth over falsehood. It is being proved how dwarf, helpless and incompetent human beings are in front of various weapons! The values of humanity and humanity are missing. Looks like there was no Ram or Gandhi in these countries! Will someone be adorable? These countries must be following some religion, religion and their values! Where else would warlike countries celebrate festivals of human concern and harmony like Dussehra and Diwali? They are basically terrorists, inhuman, just like demons were once upon a time. They only know how to kill or take revenge. He is not even 'Ravana', because the motive of that great wise, very powerful king was also to take revenge. If we look at the context of Israel and Hamas war, almost the whole world seems to be present in 'Kurukshetra'. Or the average country is definitely one side. Hamas terrorists suddenly attacked Israel and killed a total of more than 1400 innocent people and took 200 innocent people hostage. Certainly this attack falls within the scope of genocide. Why doesn't Israel retaliate? What do morality, religion, values teach him? Lord Ram had also violently retaliated against Ravana. Innocent and innocent people were casualties in that war also. This is the destiny of any war. But Ram's ultimate objective was not war. He was not in favor of war. He sent his messengers and requested him to convince Ravana and return Mother Sita. Ego considered this as cowardice, so Ram's side was forced to fight. There were no wars in Lord Ram's territory, hence his birthplace was named 'Ayodhya'. However, these metaphors have no meaning now.

Hamas has fired more than 7500 'killer' rockets and missiles, while Israel has also fired more than 11,000 bombs in Gaza Strip, Lebanon, Syria. The demolition is still going on. The major countries of the world have been divided. On one hand, America, Britain, European countries etc. are in support of Israel. On the other hand, Iran, Lebanon, China, Russia etc. are supporters of Palestine, hence indirectly supporters of Hamas. None of these countries is ready to label Hamas as a 'terrorist', however, these countries are absolutely ready to label Israel as a 'terrorist' and a 'killer'. However, so far more than 5100 people from both sides have been killed. These include 436 people who were killed in the last 24 hours, which included 182 children. If they do not show kindness to living beings, then how will they become non-violent? Why should we accept values? The number of injured is also said to be more than 15,000. These are the figures which have been made public. The world does not know the reality. China has deployed 6 of its warships in the Middle East. Russian warship is deployed in the 'Black Sea'. These warships are also equipped with 'killer weapons'. America has tightened Israel's security cover. When Yemen's Houthi terrorists carried out air strikes, America canceled them. Fighter planes of Britain and Canada were intercepted by China. However, Arab and Islamic countries like Saudi Arabia, UAE, Jordan, Bahrain, Morocco and Egypt are not on any side of the war, hence mobilization on 'communal' basis seems very difficult. Muslim countries are also engaged in the 'fight for supremacy' against other Muslim countries, but a powerful country like Iran is also continuously threatening America and Israel. The moment he entered the war, it was certain that it would turn into a 'great war'. The question is that if Ram or Gandhi were there today, would they have been able to calm the wars?

# Economy: New types of jobs are increasing, gig and digital economy can open more doors.

There is a need to pay attention to some special skills for the bright future of the country's youth in gig economy and digital economy. These days, in various reports being published on topics related to the country's rapidly growing economy and employment, it is being said that due to the growth of the economy, digital development and gig economy in the country, the unemployment rate is decreasing in both rural and urban areas. And new employment opportunities are increasing. The gig economy is a labor market characterized by short-term and independent work arrangements. According to the recent report published by the Reserve Bank, this year the unemployment rate has decreased at both rural and urban levels. Due to the continuous strength in domestic demand, the Purchasing Managers' Index (PMI) of employment has been above 50 for the last 10 months, which means that there is a positive growth in employment. According to the indicators, employment is expected to continue rising in the coming months. Although government sector jobs are decreasing in the country, new age employment opportunities based on skills and digital skills are increasing rapidly. According to data recently released by the National Statistical Office (NSO), the unemployment rate in the country has come down from six percent to 3.2 percent in the last six years. Certainly, while MNREGA has an important role in reducing the unemployment rate in rural areas, skill development and digital skills have played an important role in it in urban areas. The urban unemployment rate in the country was recorded at 6.6 percent in the first quarter of the current financial year 2023-24, while it was recorded at 12.6 percent in the first quarter of the financial year 2021-22. After the Corona period, employment in the gig economy has increased rapidly in urban areas, skill and digital development schemes have also increased employment opportunities for the youth. The widespread spread of digitalization has taken the gig economy to unprecedented heights. Certainly, in view of urban employment in the country, the demand for gig workers is increasing rapidly. According to reports from some recruitment agencies, while around four lakh gig jobs were created in the festive season of September to December last year, the number of such jobs is expected to reach seven lakh this year. Employment opportunities in the gig economy are expected to increase. NITI Aayog's figures are also noteworthy, according to which, there is a labor force of about 44 crore people in the country, including 77 lakh gig workers, whose number is expected to increase to around 2.3 crore by 2030. In the global employment report by McKinsey Global Institute, it has been said that while about 6.5 crore employment opportunities can be created in the digital economy in India by the year 2025 due to automation, robotics and artificial intelligence, due to this, about 4.5 crore traditional jobs will be created. Jobs may be lost. In such a situation, digitalization will create more than two crore new jobs. Certainly, good employment opportunities for the new generation of India equipped with digital skills are increasing due to the use of technology and innovation in the country as well as in different countries of the world. In such a situation, there is a need to pay attention to some special skills for the bright future of the country's youth in gig economy and digital economy. The new generation should also be equipped with good English, computer-IT proficiency, coding skills, communication skills, web design, skill market research, advanced technologies like Artificial Intelligence, Automation, Cloud Computing, Machine Learning, Data Science. Now more and more employment opportunities should be created for the new generation by taking full advantage of the public digital infrastructure for skills, education and entrepreneurship in the country through Skill India Digital. Also, through the Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana 4.0, there is a need to equip the youth of the country with a large number of skills and training in technical fields and move them forward on the path of employment.

# Perspective: Amidst the challenges of war, economy and humanity, the increase in military expenditure surprises.

Increasing military spending to promote peace and reduce the causes of conflict around the world is strange, especially when 9.3 percent of the world's population lives in extreme poverty on less than $2.15 a day. The Holy Scripture Bible says, 'If someone slaps you on the right cheek, turn to him the left cheek also.' However wise these words may be, they never deter men and kings from taking up arms to expand their boundaries. Couldn't stop. Not only money but also people's lives are spent in wars. Just look at the cost of operating the fighter planes and missiles that fill the vocabulary of modern warfare. Talking about the much talked about F-35, the US government is planning to spend 17 trillion dollars on 2,500 aircraft, which means that each aircraft will cost 75 million dollars. When it is flying, about 42 thousand dollars will be being smoked every hour. Each flight of the F-15 aircraft, which is considered more efficient, costs about 29 thousand dollars per hour. Iron Dome is like a shield in Israel's security system. It is estimated that there are about ten Iron Dome batteries throughout Israel. Each battery has 60 to 80 missiles and the cost of each missile is approximately 40 thousand dollars. Last Sunday, the US government announced the sending of a state-of-the-art THAAD system worth billions of dollars. Boeing announced the imminent delivery of 1,800 GPS-based bomb kits to Israel, each worth about $24,000. Earlier this month, US President Joe Biden announced the deployment of the $13 billion aircraft carrier USS Gerald Ford Carrier Strike Group in the eastern Mediterranean. This group is equipped with 75 fighter jets, radar and missile launchers. The cost of a Tomahawk missile is 1.5 million dollars and the cost of a Patriot missile is about 4 million dollars. War is a time of profit for companies making weapons of war etc. This is also evident from the fluctuations in share prices. After the October 7 attacks, there was a rise in the shares of the companies related to it. The current market capitalization of the top ten companies in this sector is $653 billion. The Global Defense Market Report for 2023 released by the business research company says that the size of the defense market is expected to increase to $718 billion by 2027. In such a situation, the question arises that where does the money for this huge cost of wars come from? It actually depends a lot on geopolitics and domestic politics. Now take the war in Ukraine. The US government has committed more than $40.4 billion in security assistance through February 24, 2022, roughly equal to the combined GDP of countries like Malta and Yemen. Also this week, the White House called on Congress to provide additional resources to support Israel and Ukraine. But the question arises that how do terrorist groups get money? America and its allies believe that Iran provides money and technology to terrorist groups like Hamas, Hezbollah and Houthis. But the question still remains that despite so many restrictions, how does money reach these groups? US MP Elizabeth Warren and more than a hundred other MPs wrote a letter to US National Security Advisor Jack Sullivan giving a glimpse of this new emerging system. They claim that between August 2021 and June 2023, Hamas and Palestinian Islamic Jihad (PIJ) managed to raise more than $130 million in crypto and PIJ gave $1.2 million in crypto to Hezbollah. As the incidents increased, the allocation of money also increased. It is believed that the end of the Cold War led to the establishment of peace. But military expenditure has increased significantly in the last three decades. According to data from the Stockholm International Peace Research Institute, world military expenditure has increased from around $1.2 trillion in 1992 to $2.24 trillion in 2022. When nations are ranked by GDP, the war economy ranks eighth in the world, just below France, with over $2 trillion. The US tops the list of military spenders with $877 billion, followed by China with $292 billion and Russia with $86 billion. It is really interesting to see increased military spending to promote peace and reduce the causes of conflict around the world. According to an estimate by the World Bank, 9.3 percent of the world's population, or about 700 million people, are in extreme poverty, earning less than $2.15 per day. For example, seven out of every ten people living in Gaza depend on global aid. It cannot be said how long the war in the Middle East will last. But it is certain that America has spent 80 trillion dollars in the wars in Afghanistan and Iraq. According to a study by the Watson Institute for International Affairs, despite the deaths of millions of soldiers and civilians and the spending of billions of dollars since the 9/11 attacks in America, there has hardly been peace among the people there. Taliban is in power in Afghanistan, Syria is completely unstable and insurgent groups continue to rage in Iraq too. Israeli soldiers outside Gaza waiting for orders for a ground attack. The land of Gaza is shaking due to rocket attacks. The peace summit in Cairo has collapsed. of the ceasefire prepared by Russia and Brazil at the United Nations The resolution prepared by America is being considered by rejecting the two resolutions giving the call. Backdoor diplomacy continues to prevent further inflammation of the conflict. Western countries are visiting Israel to show solidarity. But much will depend on how the axis of resistance and China's role evolve. The impact of wars on development is clear, with the entire world struggling with high debt, rising costs of capital and low growth rates. It is said that if you have power, it should be used to become an example to the whole world. But what is currently happening all over the world, in the words of poet Robert Blair, 'Humanity has chosen the path of war and graveyard.'The resolution prepared by America is being considered by rejecting the two resolutions giving the call. Backdoor diplomacy continues to prevent further inflammation of the conflict. Western countries are visiting Israel to show solidarity. But much will depend on how the axis of resistance and China's role evolve. The impact of wars on development is clear, with the entire world struggling with high debt, rising costs of capital and low growth rates. It is said that if you have power, it should be used to become an example to the whole world. But what is currently happening all over the world, in the words of poet Robert Blair, 'Humanity has chosen the path of war and graveyard.'The resolution prepared by America is being considered by rejecting the two resolutions giving the call. Backdoor diplomacy continues to prevent further inflammation of the conflict. Western countries are visiting Israel to show solidarity. But much will depend on how the axis of resistance and China's role evolve. The impact of wars on development is clear, with the entire world struggling with high debt, rising costs of capital and low growth rates. It is said that if you have power, it should be used to become an example to the whole world. But what is currently happening all over the world, in the words of poet Robert Blair, 'Humanity has chosen the path of war and graveyard.'

# 18वें नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप के लिए महानगर के 10 खिलाड़ी चयनित, कर्नाटक में होगी प्रतियोगिता




मुरादाबाद-18वें नेशनल एरोबिक्स चैंपियनशिप के लिए महानगर के 10 खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। प्रतियोगिता 27-29 अक्टूबर तक पीईटी कालेज आफ इंजीनियरिंग कैंपस मांडया कर्नाटक में होगी। स्पोर्ट्स एयरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन की जिला सचिव रिम्पी सिंह ने बताया कि 27-29 अक्टूबर तक यह प्रतियोगिता एयरोबिक्स एंड फिटनेस एसोसिएशन कर्नाटक की ओर से आयोजित की जा रही है।

जिसमें मुरादाबाद के केपीएस से इरा अग्रवाल, आद्या रस्तोगी, ध्वनि गोयल, गीतिका गौर, सेंट मेरीज से विदुषी पाल, फलक अशद, दानिया अशद, केयर की डांस स्टूडियो से पल्लवी सिंह व वीके प्रजापति चयनित हुए। उन्होंने बताया कि इन चयनित खिलाड़ियों को केपीएस की प्रधानाचार्य माला पाठक ने माला पहनाकर शुभकामनाएं देकर प्रतियोगिता में खेलने के लिए विदा किया। उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ियों को देश के अन्य हिस्सों से आए खिलाड़ियों के साथ खेलने और सीखने का अवसर मिलेगा।

खिलाड़ियों के चयन पर एसोसिएशन के पदाधिकारी विशाल सिंह, नीलू सिन्हा, मयंक कुमार, सचिन नयनवाल, अमित भंडारी, मनोज कुमार, मुदित, विक्रांत, रेशू वालिया आदि ने जीत की शुभकामनाएं दीं।

# मो. अहमद खान बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



मुरादाबाद-पूर्व सांसद व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन व इमरान प्रतापगढ़ी के हैं करीबी कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने मुरादाबाद निवासी मोहम्मद अहमद खान को पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने की। जिसमें राज्यसभा सांसद व मुरादाबाद लोकसभा से पूर्व प्रत्याशी इमरान प्रतापगढ़ी की अध्यक्षता में 11 उपाध्यक्ष, 34 कोऑर्डिनेटर व 23 सह कोआर्डिनेटर के नामों की घोषणा राष्ट्रीय महासचिव वेणुगोपाल ने की। जिसमें जिले के मोहम्मद अहमद खान को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इससे पहले वह राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के साथ ही साथ महाराष्ट्र के प्रभारी भी थे। पार्टी की छात्र इकाई एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष व अल्पसंख्यक बिभाग व सेवादल के मण्डल व प्रदेश स्तरों पर पदाधिकारी रहे। उनके पिता स्व. फारूख अहमद एडवोकेट भी कांग्रेस नेता थे। इनके मनोनयन पर पार्टी के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष असद मोलाई, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, अजय सारस्वत सोनी, डॉ सादिक़, विनोद गुम्बर, आज़म अंसारी आदि ने खुशी जताकर पार्टी हाईकमान का आभार जताया।

# राज्य स्तरीय टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों ने दिखाया दम



मुरादाबाद-नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को राज्य स्तरीय टीम में जगह बनाने को जनपद व मंडल स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने टीम में जगह बनाने के लिए दम लगाया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर विभिन्न जनपदों में राज्य स्तरीय सीनियर महिला और पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 29 से एक नवंबर तक आजमगढ़ में राज्य स्तरीय हैंडबाल महिला वर्ग और पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए गुरुवार को सोनकपुर स्टेडियम में जनपद स्तरीय टीम के ट्रायल्स का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने टीम में स्थान बनाने को दम लगाया।

# भगवान केदार अखिलेश यादव को दें सद्बुद्धि, भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कसा तंज



मुरादाबाद-भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के केदारनाथ-बद्रीनाथ दर्शन का स्वागत कर तंज भी कसा। कहा कि सपा और उनके नेताओं का दोहरा चरित्र है। भगवान केदार अखिलेश को सद्बुद्धि दें। स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेता हिंदू देवी-देवताओं का अपमान कर रहे हैं। इस पर उनके पार्टी के मुखिया को जवाब देना चाहिए।

सिविल लाइंस स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अखिलेश यादव के केदारनाथ-बदरीनाथ दर्शन और स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा हिंदू देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी पर कहा कि उनके दोहरे चरित्र सबके सामने हैं। कहा कि देव दर्शन निजी आस्था है। भगवान केदार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सद्बुद्धि दें। सपा मुखिया को अपने पार्टी के स्टैंड को साफ करना चाहिए। सपा नेता स्वामी प्रसाद के द्वारा साधु संतों के अपमान पर भी चुप्पी समझ से परे है। लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी एकता व इंडिया गठबंधन पर कहा कि यह भ्रमित लोगों का गठबंधन है। चुनाव में फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रवादी सरकार बननी तय है।

# सहकारी समितियों के सदस्य बनने के लिए 34 हजार किसानों ने किया आवेदन, मिलेगा फायदा

मुरादाबाद-नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को राज्य स्तरीय टीम में जगह बनाने को जनपद व मंडल स्तरीय ट्रायल्स का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने टीम में जगह बनाने के लिए दम लगाया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर विभिन्न जनपदों में राज्य स्तरीय सीनियर महिला और पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 29 से एक नवंबर तक आजमगढ़ में राज्य स्तरीय हैंडबाल महिला वर्ग और पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए गुरुवार को सोनकपुर स्टेडियम में जनपद स्तरीय टीम के ट्रायल्स का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने टीम में स्थान बनाने को दम लगाया। सहकारी समितियों पर नये किसानों को सदस्य बनाने के अभियान के तहत 34 हजार 500 किसान सदस्य बने है। जबकि लक्ष्य 16 हजार किसानों को सदस्य बनाने का था, लेकिन लक्ष्य से भी काफी ज्यादा किसान हो गये है। सदस्य बनने पर किसानों को फायदा मिलेगा। जिले की सभी सहकार समितियों पर इन दिनों नये किसानों को सदस्य बनाया गया है। यह अभिया पिछले माह चलाया गया। इससे पहले 1 लाख 25 हजार किसान पहले से ही समितियों के सदस्य हैं। समिति का सदस्य बनने से किसानों को खाद बीज आसानी से मिल जाता है। इसके अलावा किसानों को तीन प्रतिशत के ब्याज पर तीन लाख तक का ऋण भी मिल सकेगा। जिससे किसान कृषि के साथ-साथ कोई व्यवसाय भी कर सकता है।सदस्य ही समितियों के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करते है। समिति से मिलने वाले ऋण से किसान मधुमक्खी पालन, पशुपालन और दूसरा कोई व्यवसाय कर सकता है। सहकारिता आयुक्त जितेंद्रपाल सिंह ने बताया कि 34 हजार 500 किसान सदस्य बने हैं। जिससे समिति से मिलने वाली सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा फायदा किसानों को मिल सके।

# दिवाली पर बेहतर परिवहन सेवा की तैयारी, बढ़ेंगे बसों के फेरे



मुरादाबाद-मुरादाबाद और पीतलनगरी बस अड्डे से 678 बसों का हो रहा संचालन, रोडवेज की 394 बसें और अनुबंधित 284 परिवहन निगम ने त्योहार के सीजन में यात्रियों के लिए बेहतर बस सेवा की तैयारी की है। दिवाली और भैया दूज पर बसों के फेरे बढ़ाकर यात्रा को सुगम बनाया जाएगा। मुरादाबाद और पीतल नगरी बस स्टैंड से 678 बसों का संचालन किया जा रहा है। इनमें 394 बसें निगम और 284 बसें अनुबंधित हैं। रेलवे त्योहार के सीजन में पूजा स्पेशल ट्रेन चला रहा है। ताकि यात्रियों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में दिक्कत न हो।

इस बीच परिवहन निगम भी यात्रियों की सुविधा के लिए तैयारी में लगा है। 12 नवंबर को दिवाली और 14 को भैया दूज मनाया जाएगा। इन दिनों रोडवेज की बस ऑन रोड रहेगी।स्थानीय मार्गों पर भी बसों की कमी नहीं होगी। इसके लिए अभी से ही खाका तैयार किया जा रहा है। इस समय अमरोहा मार्ग पर 35 और धामपुर रोड पर 55 बसों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन अभी यात्रियों की संख्या कम है। संभल मार्ग पर 30 और चंदौसी पर 51 बसें चल रही हैं। वर्कशाप में बसों की मरम्मत की जा रही है। मुरादाबाद से 10 एसी जनरथ बसें चलती हैं। मुरादाबाद डिपो से 4 और बिजनौर से 2 राजधानी बसें चलाई जा रही हैं। ये बसें लखनऊ के लिए चलती हैं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बीएल मिश्रा ने बताया कि दिवाली और भैया दूज में अभी समय है,

लेकिन बसों की मरम्मत कराई जा रही है। ताकि यात्रा में यात्रियों को असुविधा न हो। त्योहार पर भीड़ बढ़ने पर इन बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। सभी बसें ऑनरोड रहेंगी।

## पीईटी परीक्षा के लिए कल से चलेंगी 328 बसें

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 28 और 29 अक्टूबर को होगी। इसे ध्यान में रखते हुए रोडवेज प्रबंधन ने बसें चलानी की तैयारी पूरी कर ली है। परीक्षार्थियों को आने और जाने के लिए 328 बसों का प्रबंध किया गया है। पीईटी यूपीएसएसी की प्रारंभिक पात्रता परीक्षा ( प्रीलिमिनरी एलिजिबिलिटी टेस्ट ) के लिए 27 अक्टूबर यानी कल से बसों को संचालित किया जाएगा मुरादाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और बिजनौर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मुरादाबाद में परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के लिए 136 बसों की व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों के लिए 192 बसों का इंतजाम किया गया है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बीएल मिश्रा ने बताया कि जनपद में 52 हजार 76 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए आएंगे और जिले से दूसरे सेंटरों के लिए 76 हजार 740 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए जाएंगे। 27 अक्टूबर से बसों का संचालन शुरू हो जाएगा और 30 अक्टूबर तक किया जाएगा। कुल एक लाख 28 हजार 816 परीक्षार्थी हैं। इनके लिए बसों की व्यवस्था की गई है। इसके लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया है।

# त्योहारी सीजन में मोबाइल पर ठग सक्रिय, लालच में न आएं



मुरादाबाद-ऋण से लेकर प्रधानमंत्री आवास दिलाने तक का ठग दे रहे लालच, अब दिवाली पर सस्ते गिफ्ट के ऑफर अक्टूबर में 150 से अधिक लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो चुके हैं। स्मार्ट ठगों ने इन लोगों से लगभग 30 लाख रुपये से भी अधिक की ठगी की है। यह वह मामले हैं जो साइबर सेल में दर्ज हैं। अब दिवाली का त्योहार निकट है और साइबर अपराधी तरह-तरह के लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। एसएसपी हेमराज मीना का कहना है कि ऑनलाइन फ्रॉड होने पर तत्काल उसकी सूचना साइबर सेल दर्ज कराएं। बैंक खाते से रुपये ट्रांसफर होने की जितनी जल्दी सूचना मिलेगी पुलिस उस धनराशि को उतनी ही जल्दी वापस करा लेने में कामयाब रहती है। एसएसपी ने बताया कि त्योहार का सीजन चल रहा है। ऐसे में ऑनलाइन मार्केटिंग में भी सक्रियता बढ़ जाती है और साथ ही अन्य दिनों की अपेक्षा ऑनलाइन ठग भी अपनी गतिविधि बढ़ाने का प्रयास करते हैं। इसलिए मोबाइल पर आने वाले किसी मैसेज और वीडियो को सतर्कता बरतते हुए देखे। प्रधानमंत्री आवास के नाम पर ठग लिए 1.32 लाख – सीताराम मजदूरी करते हैं। खेती-बाड़ी भी नहीं है। उन्हें प्रधानमंत्री आवास दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने फंसा लिया। सीताराम आवास के लालच में आ गए और साइबर ठगों ने उनसे 1.32 लाख रुपये ठग लिये। समय बीतने के बाद भी जब आवास योजना का लाभ नहीं मिला तो उन्होंने ठग के नंबर पर दोबारा बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। उधर, सीताराम को उधार देने वाले लोग रुपये वापस मांगने लगे। जो मजदूरी में रुपये मिलते वह उधार चुकता करते। अभी भी वह 80 हजार रुपये के कर्जदार हैं। दो भाइयों में छोटे सीताराम के परिवार में उनकी पत्नी व चार साल का बेटा ओम सिंह व 15 दिन की बिटिया है। वह कहते हैं कि भला हो मामा राम किशोर का, जिन्होंने उनकी मां माया को पुलिस लाइन में साइबर सेल ले गए थे और शिकायत दर्ज होने के बाद साइबर सेल टीम ने उनके रुपये वापस कराए हैं। सीताराम ने बताया कि अपनी ठगी के बारे में वह अधिक से अधिक लोगों को बताकर अन्य लोगों को ठगों से बचाने के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं।

## साइबर सेल ने वापस कराए 3.58 लाख रुपये

साइबर सेल प्रभारी ऋतिक पाठक ने बताया कि ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए लोगों में से 21 और 23 अक्टूबर को कुल नौ लोगों की धनराशि वापस कराने में सफलता मिली है। इन नौ लोगों के साथ कुल 6,81,839 रुपये की धोखाधड़ी हुई थी। इनमें 3,58,130 रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की है, जबकि शेष बचे 3,23,709 रुपये संबंधित बैंक खाते में होल्ड कराए हैं। इनकी भी वापसी की कार्रवाई चल रही है। इसमें अन्य आठ लोगों के साथ ही सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा जय भगवान भी शामिल हैं। इनसे 28,000 रुपये की धोखाधड़ी हुई थी। इनके सभी रुपये वापस हो गए हैं। इसी तरह से मझोला के वरुण गुप्ता से 1.63 लाख की ठगी हुई थी, इनके 48000 और किशन लाल के 42,500 रुपये साइबर सेल ने वापस कराए हैं। मझोला थाना क्षेत्र के शक्ति नगर के उज्जवल सरकार से साइबर ठगों ने 2,77,887 की ठगी की थी। इनके भी 94,999 रुपये वापस कराए गए हैं। नोडल अधिकारी साइबर सेल सुभाष चंद्र गंगवार बताते हैं कि जालसाजी में बैंक खाते से कटने वाला पैसा यदि रिकवर नहीं हो पाता है तो प्रकरण को संबंधित थाने में रेफर करते हैं। फिर वहां उसकी छानबीन होती है। इस तरह थाना पुलिस ने कई जालसाजों को पकड़ा भी है और जेल भेजा है। उन्होंने बताया, पीड़ित का पैसा जिस खाते में ट्रांसफर होता है, यदि उस खाते में पैसा पड़ा है तो रिकवर के अवसर रहते हैं। लेकिन, यदि पैसा जालसाज अन्य खातों में ट्रांसफर कर चुका होता है और उस खाते में बैलेंस जीरो है तो पीड़ित के रुपये रिकवर करना मुश्किल हो जाता है। रिकवरी का पैसा बैंकिंग के ऑटोमैटिक सिस्टम से संबंधित पीड़ित के खाते में ही आता है। साइबर क्राइम हो तो करें कॉल- 9454401742, 7839876646 हेल्पलाइन नंबर-1930

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक – नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# अवैध वसूली से तंग आकर पीड़ित ने इच्छा मृत्यु की मांग

क्यूँ न लिखूँ सच

आर्यावर्त ग्रामीण बैंक मुस्काबाद शाखा प्रबंधक व बैंक कर्मचारी संदीप कुमार द्वारा अवैध वसूली से तंग आकर पीड़ित ने इच्छा मृत्यु की मांग की है बाराबंकी जिले के विक्रम पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम तुरकानी थाना सफदरगंज का आरोप है कि मैं 2003 में उत्तर प्रदेश सरकारी ग्राम विकास बैंक से 18000 रुपए लोन लिया था उसके बाद दोबारा लोन लेने के लिए आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक मुस्काबाद मैं आवेदन किया तो शाखा प्रबंधक मुस्काबाद व बैंक कर्मचारी संदीप कुमार ने बताया कि तुम्हारा लोन पहले से ही उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक में 18000 रुपए बकाया है यदि यह बकाया रुपया तुम मुझे 18000 रुपए की ब्याज समेत 24500 मुझे दे दो तो हम तुम्हारा लोन मंजूर करेंगे पीड़ित ने किसी तरह दिनांक 10 मार्च 2016 को शाखा प्रबंधक मुस्काबाद समेत संदीप कुमार को 24500 दे दिया पीड़ित का आरोप है कि शाखा प्रबंधक द्वारा उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक का जाली नोड्यूज बनाकर पीड़ित को लोन दे दिया हैरान कर देने वाली बात जब आई की पीड़ित द्वारा दिए गए रुपए 24500 सारे खुद हड़प गए पीड़ित की इसकी जानकारी जब हुई जब प्रार्थी के घर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक से नोटिस आई पीड़ित विक्रम का आरोप है कि मैंने इसकी शिकायत थाना सफदरगंज से लेकर उच्च अधिकारियों तक की जिसमें थाना सफदरगंज उप निरीक्षक संजीव कुमार सिंह द्वारा मेरी द्वारा दी गई तहरीर पर झूठी रिपोर्ट लगाई गई पीड़ित विक्रम का आरोप है की मेरे मामले में हीला हवाली रखने वाले उप निरीक्षक संजीव कुमार सिंह थाना सफदरगंज व शाखा प्रबंधक आर्यावर्त ग्रामीण बैंक मुस्काबाद व बैंक कर्मचारी संदीप कुमार पर मुकदमा नहीं लिखा गया तो मैं अपने जीवन समाप्त कर लूंगा क्योंकि मेरी जीने की इच्छा समाप्त हो चुकी है अन्यथा की स्थिति में प्रार्थी सुबह के महामहिम राज्यपाल व मुखिया योगी आदित्यनाथ की शरण में जाकर इच्छा मृत्यु की मांग करने का बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी थाना सफदरगंज पुलिस जनपद बाराबंकी की होगी

# लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारियां जोरों पर बीएलओ एवं सुपरबाईजरों का हुआ प्रशिक्षण




क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार गुप्ता

बरेली।लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पर 27 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तैयारी के लिए वृहस्पतिवार को संजय गांधी कम्युनिटी हॉल में तहसीलदार सदरग अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम व द्वितीय द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाइजर को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें निर्वाचक नामावली के प्रकाशन एवं अन्य निर्वाचन सम्बन्धी कार्यो के संबंध में सभी को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में विशेष अभियान तिथियां 04.11.2023, 05.11.2023, 25.11.2023, 26.11.2023, 02.12.2023, 03.12.2023 के संबंध में भी बताया गया। सभी बीएलओ को उक्त तिथियों पर बूथों पर उपस्थित रहकर फार्म 6, 7 व 8 भरने के लिए निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव,नायब तहसीलदार भोजीपुरा/रिठौरा, चकबंदी अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी भोजीपुरा, बिथरी चैनपुर व दमखोदा , खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र 2, योगेन्द्र पाल सिंह आजाद, मनोज कुमार बीआरसी 125 कैंट व ऋषि कुमार, धर्मवीर दिवाकर, बीआरसी 120 भोजीपुरा एवं विधानसभा 120 भोजीपुरा व 125 कैंट के समस्त सुपरवाइजर दिनेश कुमार बीएलओ वर्षा गुप्ता, धनपाल सिंह,खलील अहमद, विमलेश कुमार,सीमा यादव, कुलदीप गंगवार आदि मौजूद रहे।

# त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सूती सीएफटी में पदस्थ नर्स सुमित्रा सिंह की लापरवाही से जनता परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच -आलोक मिश्रा

त्योंथर से बी एम ओ के लापरवाही से कर्मचारियों की मौज स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से कर्मचारी होते जा रहे हैं लापरवाह आखिर इसका जिम्मेदार कौन श्रुति सीएफटी की जनता है परेशान सुमित्रा सिंह नहीं रहती हैं अपने स्थान पर जनता को करती है परेशान दर-दर की ठोकर खा रहे हैं जनता नहीं मिल पा रहा है समस्याओं का समाधान घर पर बुलाती है कोई भी भाग कार्य हो तो और घर जाओ तो घर पर ताला बंद रहता है आखिर ऐसा भ्रष्टाचार कब तक चलता रहेगा क्या इनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाएगा जनता को परेशानी ही मिलती रहेगी सोई सीएफटी में पदस्थ नर्स सुमित्रा सिंह से 12 ग्राम पंचायत की जनता है परेशान आखिर कब होगा समस्याओं का समाधान शासकीय कर्मचारी होते हुए इनकी नियुक्ती जनता की सेवा के लिए हुआ है परन्तु जनता की सेवा नहीं हो रही है आचार संहिता का हो रहा है उलंघन इस दौरान कर्मचारियों को नहीं मिलती है छुट्टी वहीं सुमित्रा सिंह रहती हैं गायब जनता दर दर की ठोकर खा रही हैं वहीं ये कम छोड़कर रहती हैं बाहर

# सरई थाना अंतर्गत महान नदी से उठाई जा रही है अवैध रेत, थाना प्रभारी का संपूर्ण संरक्षण



क्यूँ न लिखूँ सच
अनुपम कुमार द्विवेदी

मिली सूचना अनुसार सरई - दरसल सरई थाना अंतर्गत अवैध रेत का व्यापार व्यापक पैमाने पर चलाया जा रहा है जिसमे पर ट्रेक्टर 4 हजार रुपए सरई थाना प्रभारी के कार्य खास रविशंकर राय कांस्टेबल के द्वारा वसूली लिया जा रहा है अवैध रेत का परिवहन रात 10ः00 बजे से सुबह 5ः00 बजे तक व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है कई बार खबर प्रकाशसन के बाद भी थाना प्रभारी के सर पर जूं तक नहीं रेंग रही नदी से अवैध रेत लेकर निकली यह ट्रैक्टर राम लोच प्रजापति ग्राम ओबरी की है जबकि सिंगरौली पुलिस अधीक्षक का सख्त निर्देश है कि किसी भी थाना अंतर्गत अवैध उत्खनन एवं अवैध रेत के परिवहन जैसी कोई सूचना प्राप्त होती है तो वहां के थाना प्रभारी के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाएगी लेकिन सिंगरौली पुलिस अधीक्षक के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए थाना प्रभारी अपने अवैध कमाई से बाज नहीं आ रहे हैं अब देखना यह होगा कि सिंगरौली पुलिस अधीक्षक सरई थाना प्रभारी के खिलाफ क्या एक्शन लेते हैं

# जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्याएं




क्यूँ न लिखूँ सच
लंकीन प्रसाद वर्मा

श्रावस्ती- जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 06 शिकायतें प्राप्त हुई, जो कि डूडा, पशुपालन एवं राजस्व विभाग से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को एक सप्ताह में निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में शिथिलता कदापि क्षम्य नही की जाएगी। इसलिए जनशिकायतों के निस्तारण में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए।

यदि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसुनवाई, आई0जी0आर0एस0, सीएम हेल्पलाइन, तहसील व थाना दिवस हेतु समय-समय पर विस्तृत निर्देश दिये गये है, जिनका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होने यह भी बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रतिमाह जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। इसलिए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारी जन शिकायतों के निस्तारण में विशेष रूचि लेकर जनपद की रैंकिंग प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करें।उन्होंने कहा कि जनता दर्शन में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को मानवीय दृष्टिकोण से सुना जाए तथा एक सप्ताह में समस्याओं का निस्तारण प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी मौके पर स्वयं जाकर निरीक्षण करें और स्पष्ट आख्या तैयार कर फोटोग्राफ सहित अपलोड करें। सभी अधिकारी कार्यालय में समस्त कार्यदिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें। कोई भी विभाग डिफाल्टर की सूची में न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक प्राप्त किये जाएंगे दावे एवं आपत्तियां-डीएम



क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती- श्रावस्ती जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संबंधी बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम के अन्तर्गत एकीकृत निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर 2023 को एवं 05 जनवरी 2024 को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। समस्त मतदान केन्द्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों, मतदाता पंजीकरण केन्द्रों एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में जन सामान्य के निरीक्षण के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस मध्य 06 विशेष अभियान तिथियों 4 नवंबर,5 नवंबर,25 नवंबर,26 नवंबर, 2 दिसंबर एवं 3 दिसंबर को विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों आयोजित की जाएंगी। विशेष तिथियों में सम्बन्धित बीएलओ मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म प्राप्त करेंगे। पुनरीक्षण अवधि के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में छूटे हुए समस्त अर्ह मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने के लिए निर्धारित फार्म-6 पर दावा तथा मतदाता सूची में प्रविष्टि मृतक, डबल, शिफ्टेड मतदाताओं के नाम विलोपित किये जाने के लिए निर्धारित फार्म 7 पर आपत्ति प्राप्त करने का कार्य करेगें।

# नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ के नेतृत्व में कस्बे में निकाली गई कलश यात्रा



क्यूँ न लिखूँ सच

